आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 03.12.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज चंडीगढ़ में नए अपराध कानूनों को राष्ट्र को समर्पित किया। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह भी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि नए अपराध कानूनों का लागू होना उन आदर्शों को पूरा करने की दिशा में एक ठोस कदम है, जिनकी परिकल्पना हमारे संविधान में की गई थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये नए कानून भारत को औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त करेंगे। श्री मोदी ने चंडीगढ़ में नए आपराधिक कानूनों के सफल कार्यान्वयन के लिए पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के वकीलों और चंडीगढ़ बार काउंसिल के सदस्यों को भी धन्यवाद और बधाई दी। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि तीन नए आपराध कानून तीन साल के अन्दर पूरे देश में लागू हो जाएंगे। गौरतलब है कि इस वर्ष पहली जुलाई से देशभर में लागू किए गए, तीन नये कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का उद्देश्य विधि प्रणाली को अधिक पारदर्शी, कुशल और समकालीन समाज की जरूरतों के अनुकूल बनाना है।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि दिव्यांगजन के अदम्य उत्साह से सभी को प्रेरणा मिलती है और उनकी सकारात्मक दृष्टि से समाज का मनोबल बढ़ता है। उन्होंने कहा की दिव्यांगजन को बाधा मुक्त वातावरण उपलब्ध करवाना पूरे समाज की प्राथमिकता होनी चाहिए।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में अन्तरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर आयोजित सम्मान समारोह के अवसर पर यह बात कही। उन्होंने कार्यक्रम में तैंतीस व्यक्तियों और संस्थाओं को दिव्यांगजन के सशक्तीकरण में असाधारण योगदान के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किये। समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि सभी पुरस्कार विजेता समाज के लिए आदर्श बनकर उभर रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि ये पुरस्कार देश भर में दिव्यांग व्यक्तियों को प्रेरित करने और उन्हें मजबूत बनाने में मदद करेगें। इस अवसर पर सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने दिव्यांगजन के जीवन को समृद्ध करने के लिए कई परिवर्तनकारी उपायों का शुभारंभ किया। इन उपायों में दिव्यांगों का समावेशन और उनके लिए नवाचार तथा प्रौद्योगिकी का उपयोग शामिल है। दिव्यांगजन दिवस पर प्रदेश में भी कई कार्यक्रम हो रहे है। राज्यस्तरीय समारोह जयपुर के हरिशचन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान में रखा गया है।

00000

सुगम्य भारत अभियान आज अपनी नौवीं वर्षगांठ मना रहा है। ये अभियान सुलभ भारत अभियान के नाम से भी जाना जाता है। इस परिवर्तनकारी पहल का उद्देश्य दिव्यांगजनों के लिए एक सुगम और समावेशी भारत का निर्माण करना है।

इस अभियान में बुनियादी ढांचा में सुधार, परिवहन और दिव्यांगजन के लिए सार्वजनिक स्थलों को और सुगम बनाने पर ध्यान केन्द्रित किया गया है। इस अभियान में दिव्यांगजन के अधिकारों और आवश्यकताओं को लेकर जागरूकता बढाने पर भी बल दिया गया है।

000

देश के पहले राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद को उनकी जयंती पर आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रद्धांजलि दी है। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद ने

संविधान सभा के अध्यक्ष के रूप में भारतीय लोकतंत्र की मजबूत नींव रखने में अमूल्य योगदान दिया। श्री मोदी ने कहा कि संविधान की 75वीं वर्षगांठ के महोत्सव के दौरान श्री राजेंद्र प्रसाद के आदर्श और भी प्रेरणादायक हो गए हैं।

000

प्रदेश की सात सीटों पर विधानसभा उप चुनाव में विजयी हुए विधायकों को आज शपथ दिलाई गयी। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी उन्हें अपने कक्ष में पद की शपथ दिलायी। इनमें भाजपा के पांच विधायक झुन्झुनू से राजेन्द्र भांबू, रामगढ़ से सुखवंत सिंह, संलूबर से शान्ता अमृतलाल मीणा, देवली उनियारा से राजेन्द्र गुर्जर और खींवसर से रेवंतराम डांगा शामिल है।

दौसा से कांग्रेस विधायक दीनदयाल और चौरासी  से भारतीय आदिवास पार्टी से अनिल कटारा ने भी पद की शपथ ली। शपथग्रहण समारोह में विधायकों के परिजन भी उपस्थित रहे।

00000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज जयपुर में महिला और बाल विकास विभाग की समीक्षा करेंगे। यह बैठक सीएमओ में आयोजित की जायेगी। बैठक में उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और विभाग की मंत्री मंजू बाघमार मौजूद रहेंगी।

000

जयपुर के सिटी पैलेस में आज से जयपुर हिस्ट्री फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। 6 दिसंबर तक चलने वाले इस फेस्टिवल का आयोजन महाराजा सवाई मानसिंह द्वितीय संग्रहालय ट्रस्ट की शिक्षा शाखा की ओर से किया जा रहा है। फेस्टिवल की थीम 'फाइनेंशियल लिटरेसी एंड फोक आर्ट' रखी गई है। इसमें जयपुर सहित देश के 50 शहरों के 10,000 से ज्यादा स्कूली विद्यार्थी हिस्सा ले रहे है। फेस्टिवल में सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित प्रदर्शनी और शिल्प कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है।

000

जैसलमेर के रामदेवरा में आज मार्गशीष माह के शुक्ल पक्ष की दूज के अवसर पर बाबा रामदेव की समाधि के दर्शन करने के लिए बडी संख्या में श्रद्धालु रामदेवरा पहुंचे। रामसापीर की जय जयकार करते देश के विभिन्न स्थानों से आए भक्तों ने बाबा की समाधि के दर्शन कर देश में अमन, चैन और खुशहाली की कामना की। दूज के अवसर पर बाबा की समाधि स्थल के मुख्य पट आज सवेरे 3 बजे ही खोल दिए गए। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किये है।

000